CHRA -17

**BOOKLET SERIES** **A**
पुस्तिका सीरीज़

**DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO.**
**जब तक कहा न जाए इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें।**

Please fill in the following details using ball point pen.
कृपया निम्नलिखित जानकारियों को बाल पॉइंट पेन का प्रयोग कर भरिए।

Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

Name ____________________
नाम

Signature ____________________
हस्ताक्षर

**IN CASE OF ANY AMBIGUITY IN TRANSLATION, THE ENGLISH VERSION WILL BE DEEMED AUTHENTIC.**
**यदि अनुवाद में कोई अस्पष्टता हो, तो अंग्रेजी पाठ प्रामाणिक माना जाएगा।**

**PLEASE READ INSTRUCTIONS ON THE BACK COVER CAREFULLY.**
**पिछले कवर पर दिए गए अनुदेशों को ध्यान से पढ़िए।**

THE OMR ANSWER SHEET IS TO BE RETURNED ON COMPLETION OF THE TEST.
परीक्षा पूरी होने पर ओ. एम. आर. उत्तर-पत्रक लौटा दें।

**निर्देश ( प्रश्न 1-3 ):** इन प्रश्नों में दिए गए वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त शब्द चुनिए।

1. चादर के बाहर _________ पसारने वाले को पछताना पड़ता है।
   (1) हाथ (2) पैर (3) सिर

2. मुझे आपके कहने के ________ चलने में कोई परेशानी नहीं है।
   (1) अनुसार (2) समान (3) बाहर

3. महात्मा गांधी का आचरण हमारे लिए _________ है।
   (1) दृष्टांत (2) संकल्प (3) अनुकरण

**निर्देश ( प्रश्न 4-6 ):** इन प्रश्नों में दिए गए वाक्यों में अधोरेखित (Underlined) शब्द के सही समानार्थक शब्द का चयन दिए गए विकल्पों में से कीजिए।

4. रमेश बहुधा मेरे घर आया जाया करता है।
   (1) हमेशा (2) कभी-कभी (3) प्राय:

5. वह हमेशा अपने व्यक्तिगत मामलों को सुलझाने में ही लगा रहता है।
   (1) निजी (2) स्वार्थी (3) विशेष

6. जनता की भलाई के लिए राजा का जागरूक रहना अनिवार्य होता है।
   (1) स्वामी (2) स्वेच्छाचारी (3) भूप

**निर्देश ( प्रश्न 7-10 ):** इन प्रश्नों में दिए गए वाक्यों में अधोरेखित (Underlined) शब्द के सही विपरीतार्थक/विलोम शब्द का चयन दिए गए विकल्पों में से कीजिए।

7. अपने स्वार्थ के लिए दूसरों को नुकसान पहुंचाना गलत बात है।
   (1) परमार्थ (2) परोपकार (3) उपकार

8. राजेश को कितना भी समझा लो; उसे कुछ भी समझ में नहीं आता, वह बिलकुल ही जड़ व्यक्ति है।
   (1) मेहनती (2) तेज (3) चेतन

9. परिस्थितियां यदि अनुकूल हों तो हर मुश्किल आसान हो जाती है।
   (1) कठिन (2) प्रतिकूल (3) भयावह

10. सज्जन व्यक्ति हमेशा अपयश से बचने का प्रयास करता है।
    (1) आलोचना (2) यश (3) प्रशंसा

**निर्देश ( प्रश्न 11-12 ):** इन प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में जो स्त्रीलिंग का शब्द है, उसका चयन कीजिए।

11. (1) क्षमा (2) क्रोध (3) आश्चर्य

12. (1) यश (2) ज्ञान (3) आदत

**निर्देश ( प्रश्न 13-15 ):** इन प्रश्नों में दिए गए वाक्यों में अधोरेखित (Underlined) मुहावरे के सही अर्थ का चयन नीचे दिए गए विकल्पों में से कीजिए।

13. सीता और गीता एक कोने में जाकर न जाने क्या <u>खिचड़ी पका रही हैं</u>।
    (1) काम करना    (2) गुप्त सलाह करना    (3) मेल-जोल करना

14. राम और श्याम की लड़ाई में मोहन ने <u>आग में घी डालने</u> का काम किया।
    (1) यज्ञ करना    (2) रोशनी करना    (3) उत्तेजित करना

15. इस छोटी-सी बात के लिए तुम बेकार ही <u>गर्म हो रहे हो</u>।
    (1) चिंतित होना    (2) क्रुद्ध होना    (3) परेशान होना

**निर्देश ( प्रश्न 16-19 ):** इन प्रश्नों में एक शब्द की वर्तनी के लिए तीन विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक सही है। सही वर्तनी वाले विकल्प का चयन करें।

16. (1) अयोजित    (2) आयोजित    (3) आयोजीत

17. (1) प्रस्तुती    (2) प्रस्तुति    (3) प्रस्तूती

18. (1) सुसासन    (2) सुशाशन    (3) सुशासन

19. (1) उदासीनता    (2) उदासिनता    (3) ऊदासीनता

**निर्देश ( प्रश्न 20-22 ):** इन प्रश्नों में दिए गए वाक्य खंड (अनेक शब्दों के समूह) के लिए दिए गए विकल्पों में से वह विकल्प चुनिए जो इनका सही अर्थ बताने वाला उपयुक्त शब्द है।

20. वह वस्तु जो नाशवान हो
    (1) शाश्वत    (2) अलौकिक    (3) नश्वर

21. जो ईश्वर में विश्वास रखता है
    (1) नास्तिक    (2) आस्तिक    (3) धार्मिक

22. जिसका कोई आकार न हो
    (1) निराकार    (2) सरोकार    (3) साकार

**निर्देश ( प्रश्न 23-25 ):** इन प्रश्नों में दिए गए शब्द का सही संधि-विच्छेद दिए गए विकल्पों में से चुनिए।

23. सत्याग्रह
    (1) सत्या+ग्रह    (2) सत+आग्रह    (3) सत्य+आग्रह

24. दिगम्बर
    (1) दिग्+अम्बर    (2) दिक्+अम्बर    (3) दिग+अम्बर

25. आद्यन्त
    (1) आदि+अन्त    (2) आदि+अंत्य    (3) आद्य+अन्त

**Directions (Questions 26-28):** *Each of these questions consists of a sentence which is divided into three parts, numbered 1 to 3. Only one part in each sentence is not acceptable in standard written English. Identify that part which contains an error.*

26. (1) I was shocked to (2) hear that his father (3) died of an accident.

27. (1) You should not (2) violate against the rules (3) laid down by the institution.

28. (1) The Principal was (2) enough kind to grant me (3) free studentship.

**Directions (Questions 29-31):** *In each of these questions, choose the alternative which is closest to the opposite in meaning of the underlined word in the sentence.*

29. The authorities inflicted a harsh <u>penalty</u> on him for indulging in forgery.
(1) default (2) criticism (3) reward

30. It is <u>obligatory</u> for a common citizen to follow the rules.
(1) optional (2) superfluous (3) necessary

31. The shop in front of our house keeps only <u>genuine</u> articles.
(1) imported (2) spurious (3) antique

**Directions (Questions 32-34):** *In each of these questions, choose the option which best expresses the meaning of the idiom/phrase underlined in the sentence.*

32. I met him after a long time, but he <u>gave me the cold shoulder</u>.
(1) scolded me (2) insulted me (3) ignored me

33. The sight of the accident <u>made my flesh creep</u>.
(1) frightened me (2) worried me (3) draw my attention

34. You cannot <u>have your cake and eat it too</u>.
(1) enjoy forever (2) have it both ways (3) absolve yourself of guilt

**Directions (Questions 35-37):** *In each of these questions, choose the alternative which can replace the underlined word without changing the meaning of the sentence.*

35. Ashish did not <u>admit</u> his mistake in the beginning.
(1) commit (2) apologize (3) accept

36. We must <u>eradicate</u> corruption.
(1) minimize (2) uproot (3) condemn

37. He had to <u>curtail</u> his leave as a lot of work was pending in his office.
(1) cancel (2) extend (3) shorten

**Directions (Questions 38-40):** *In each of these questions, choose the option which can be substituted for the given words/sentence.*

38. That which cannot be seen
(1) insensible (2) intangible (3) invisible

39. To congratulate someone in a formal manner
(1) wish (2) felicitate (3) solemnize

40. A co-worker in an office or institution
(1) companion (2) ally (3) colleague

**Directions (Questions 41-44):** *Fill in the blank.*

41. We are now confident ________ winning the match.
(1) to (2) in (3) of

42. This sort of situation will not be allowed to last ________ long.
(1) until (2) for (3) till

43. I have been working hard ________ last year.
(1) in (2) from (3) since

44. His parents are feeling anxious ________ his health.
(1) after (2) about (3) of

**Directions (Questions 45-47):** *Choose the* ***correctly spelt word.***

45. (1) Cigratte (2) Cigarette (3) Cigrette

46. (1) Independent (2) Indepandent (3) Independant

47. (1) Drought (2) Droght (3) Draugt

**Directions (Questions 48-50):** *Choose the option that is the* ***plural form*** *of the given word.*

48. Knife
(1) Knifees (2) Knifves (3) Knives

49. Tooth
(1) Teeth (2) Tooth (3) Tooths

50. Potato
(1) Potatose (2) Potatoes (3) Potateos

51. भारत के 45वें मुख्य न्यायाधीश कौन हैं/थे?
(1) जे एस खेहर (2) गीता मित्तल (3) दीपक मिश्रा

52. भारत के राष्ट्रपति राज्यसभा के लिए कितने सदस्यों को नामित करते हैं?
(1) दस (2) पन्द्रह (3) बारह

53. भारी (अधिक) व्यायाम करने के दौरान __________ जमा होने की वजह से हमारे पैरों में ऐंठन होने लगती है।
(1) लैक्टिक अम्ल (2) कार्बन डाइऑक्साइड (3) ऑक्सीजन

54. ऑटोमोबाइल में बगल का दृश्य देखने वाले दर्पण के रूप में सामान्यतया किस किस्म के दर्पण का प्रयोग किया जाता है?
(1) अवतल दर्पण (2) उत्तल दर्पण (3) समतल दर्पण

55. भारत में वर्तमान में कितने उच्च न्यायालय काम कर रहे हैं?
(1) बीस (2) चौबीस (3) उनतीस

56. भारत में खेली जा रही 17 वर्ष से कम आयु वर्ग की विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में कितने देश भाग ले रहे हैं?
(1) सोलह (2) बीस (3) चौबीस

57. मनुष्यों के लिए सूर्य की रोशनी (पराबैंगनी B किरणें) __________ प्राप्त करने का सबसे स्वाभाविक तरीका है।
(1) विटामिन A (2) विटामिन B (3) विटामिन D

58. कराधान से संबंधित शब्द-समूह 'जी एस टी' का पूर्ण स्वरूप क्या है?
(1) गुड्स एण्ड सर्विसेज टैक्स (2) गवर्नमेंट सेल्स टैक्स (3) जनरल सेल्स टैक्स

59. विश्व का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
(1) प्रशांत महासागर (2) अटलांटिक महासागर (3) हिन्द महासागर

60. मुगल बादशाह अकबर के शासन काल का इतिहास 'अकबरनामा' और 'आइन-ए-अकबरी' शीर्षक से किसने लिखा था?
(1) अबुल फजल (2) बदायूं (3) निजामुद्दीन अहमद

61. निम्नलिखित में से क्या मानव शरीर में सबसे बड़ी ग्रंथि है?
(1) पीनियल ग्रंथि (2) यकृत (3) पीयूष ग्रंथि

62. निम्नलिखित में से किस संघ-शासित क्षेत्र में एक से अधिक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (सीट) हैं?
(1) पुडुचेरी (2) दिल्ली (3) चंडीगढ़

51. Who is/was the $45^{th}$ Chief Justice of India?
(1) JS Khehar (2) Gita Mittal (3) Dipak Misra

52. What is the number of Rajya Sabha seats to which the President of India nominates the members?
(1) Ten (2) Fifteen (3) Twelve

53. During heavy exercise, we get cramps in the legs due to the accumulation of__________.
(1) lactic acid (2) carbon dioxide (3) oxygen

54. What type of mirror is generally used as side view mirror in automobiles?
(1) Concave Mirror (2) Convex Mirror (3) Plane Mirror

55. At present, how many High Courts are functional in India?
(1) Twenty (2) Twenty Four (3) Twenty Nine

56. How many countries are participating in the FIFA U-17 World Cup football championship presently being played in India?
(1) Sixteen (2) Twenty (3) Twenty Four

57. For humans, sunlight (ultraviolet B rays) is the most natural way to get__________.
(1) Vitamin A (2) Vitamin B (3) Vitamin D

58. What is the full form of the taxation term 'GST'?
(1) Goods and Services Tax (2) Government Sales Tax (3) General Sales Tax

59. Which is the world's largest ocean?
(1) Pacific Ocean (2) Atlantic Ocean (3) Indian Ocean

60. Who wrote the history of Mughal Emperor Akbar's reign titled 'Akbar Nama' and 'Ain-i-Akbari?
(1) Abul Fazl (2) Badaun (3) Nizamuddin Ahmed

61. Which of the following is the largest gland in the human body?
(1) Pineal Gland (2) Liver (3) Pituitary Gland

62. Which of the following Union Territories (UTs) has more than one Lok Sabha Constituencies?
(1) Puducherry (2) Delhi (3) Chandigarh

63. पुर्तगाली खोजकर्ता वास्को डि गामा ने वर्ष 1498 में भारत में पहली बार बंदरगाह शहर __________ में कदम रखा
(1) सूरत (2) कोलकाता (3) कालीकट

64. भारत में सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है :
(1) हिमालय (2) अरावली (3) शिवालिक

65. जिन पदार्थों से होकर वस्तुएं देखी तो जा सकती हैं, किंतु स्पष्ट रूप से नहीं दिखतीं, वे __________ के रूप में जाने जाते हैं।
(1) अपारदर्शी (2) पारदर्शी (3) पारभासी

66. विश्व का सबसे छोटा महादेश (महाद्वीप) है :
(1) अंटार्कटिका (2) ऑस्ट्रेलिया (3) यूरोप

67. लगभग 2000 वर्ष पहले चरक द्वारा लिखी गई पुस्तक 'चरक संहिता' __________ (विषय) से संबंधित है।
(1) चिकित्सा (मेडिसिन) (2) अर्थशास्त्र (3) भारतीय संस्कृति और कर्मकांड

68. भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सी ई सी) की नियुक्ति __________ द्वारा की जाती है।
(1) भारत के राष्ट्रपति (2) भारत के प्रधानमंत्री (3) भारत के मुख्य न्यायाधीश

69. पाक जलडमरूमध्य भारत और __________ के बीच पड़ता है।
(1) पाकिस्तान (2) बांग्लादेश (3) श्रीलंका

70. पृथ्वी के केन्द्र से होकर गुजर रही निम्नलिखित में से कौन-सी रेखा इसे दो बराबर भागों में विभाजित करती है?
(1) कर्क रेखा (2) विषुवत रेखा (3) मकर रेखा

71. हाल ही में संपन्न हुए भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में विजयी रामनाथ कोविंद के खिलाफ विपक्ष के उम्मीदवार कौन थे?
(1) मीरा कुमार (2) गोपालकृष्ण गांधी (3) वेंकैया नायडू

72. पृथ्वी से सूर्य की दूरी ________ मिलियन किमी.(लगभग) है।
(1) 135 (2) 140 (3) 150

73. निम्नलिखित में से कौन भारत की प्रथम पूर्णकालिक केन्द्रीय रक्षा मंत्री है/थी?
(1) इंदिरा गांधी (2) ममता बनर्जी (3) निर्मला सीतारमण

74. राष्ट्रीय हिन्दी दिवस, जो एक वार्षिक साहित्यिक दिवस है, भारत में __________ को मनाया जाता है।
(1) 28 फरवरी (2) 14 सितम्बर (3) 07 अप्रैल

75. पृथ्वी के वायुमंडल में कौन-सी गैस सबसे अधिक मात्रा में मौजूद है?
(1) ऑक्सीजन (2) कार्बन डाइऑक्साइड (3) नाइट्रोजन

63. The port city where the Portuguese explorer Vasco da Gama first landed in India, in the year 1498, is ___________.
(1) Surat (2) Calcutta (3) Calicut

64. Which of the following is the oldest mountain range in India?
(1) Himalayas (2) Aravallis (3) Shivalik

65. The materials through which objects can be seen, but not clearly, are known as________.
(1) opaque (2) transparent (3) translucent

66. Which among the following is the smallest continent in the world?
(1) Antarctica (2) Australia (3) Europe

67. 'Charaka Samhita', a book written by Charaka about 2000 years ago, is on________.
(1) medicine (2) arthshashtra (3) Indian culture and rituals

68. The Chief Election Commissioner (CEC) of India is appointed by the__________.
(1) President of India (2) Prime Minister of India (3) Chief Justice of India

69. The Palk Strait lies between India and__________.
(1) Pakistan (2) Bangladesh (3) Sri Lanka

70. Plane of which of the following passes through the centre of the earth, dividing it into two equal parts?
(1) Tropic of Cancer (2) Equator (3) Tropic of Capricorn

71. Who was the opposition candidate against the elected President Ram Nath Kovind in the recently conducted elections for the President of India?
(1) Meira Kumar (2) Gopalkrishna Gandhi (3) Venkaiah Naidu

72. How much is the distance (approx.) of the Sun from the earth?
(1) 135 million km (2) 140 million km (3) 150 million km

73. Who among the following is/was India's first full-time woman union cabinet minister for Defence?
(1) Indira Gandhi (2) Mamata Banerjee (3) Nirmala Sitharaman

74. The National Hindi Divas, an annual literary-day is observed in India on_________.
(1) 28 February (2) 14 September (3) 07 April

75. Which of the following gases is the most plentiful in the earth's atmosphere?
(1) Oxygen (2) Carbon Dioxide (3) Nitrogen

76. एक ट्रेन 150 मीटर लंबी है। यदि यह रेलवे लाइन के बगल में स्थित एक पेड़ को 30 सेकंड में पार कर जाती है तो ट्रेन की चाल है :
(1) 18 किमी./घंटा (2) 15 किमी./घंटा (3) 16 किमी./घंटा

77. यदि 4 खिलौने उसी तरह के 5 खिलौनों के लागत मूल्य पर बेचे जाते हैं तो लाभ होगा :
(1) $33\frac{1}{3}\%$ (2) 25% (3) 50%

78. यदि किसी वस्तु का लागत मूल्य इसके विक्रय मूल्य का 75% है तो लाभ प्रतिशत है :
(1) 25 % (2) 24 % (3) $33\frac{1}{3}\%$

79. एक व्यक्ति ने 17 वस्तुएं ₹60 में एक, 13 वस्तुएं ₹75 में एक और 15 वस्तुएं ₹80 में एक की दर पर खरीदी। प्रति वस्तु औसत कीमत है :
(1) ₹71 (2) ₹65 (3) ₹80

80. दिया गया है कि मूलधन = ₹40,000 और ब्याज की दर 8% वार्षिक है जो वार्षिक आधार पर निकाली जाती है, तो दूसरे वर्ष के लिए मूलधन कितना होगा?
(1) ₹41,000 (2) ₹43,200 (3) ₹45,000

81. A ने समान साधारण ब्याज दर पर B को ₹10,000 2 वर्षों के लिए और C को ₹6,000 4 वर्षों के लिए कर्ज दिया और कुल मिलाकर ₹4,400 उन दोनों से ब्याज के रूप में प्राप्त किए। ब्याज की वार्षिक दर कितनी है?
(1) 10% (2) 7% (3) 9%

82. $\sqrt{248+\sqrt{52+\sqrt{144}}}$ का मान होगा :
(1) 14 (2) 16 (3) 12

83. $\sqrt[3]{27}+\sqrt[3]{0.008}+\sqrt[3]{0.064}$ का मान होगा :
(1) 2.4 (2) 4.6 (3) 3.6

84. यदि राहुल का वजन 60 किग्रा. से बढ़कर 66 किग्रा. हो गया तो उसके वजन में प्रतिशत वृद्धि है :
(1) 6% (2) 10% (3) 12%

85. यदि A में 20% की वृद्धि होती है तो यह B के बराबर हो जाता है। यदि B में 50% की कमी होती है तो यह C के बराबर हो जाता है। तो A का कितना प्रतिशत C के बराबर है?
(1) 60% (2) 80% (3) 70%

86. सौ व्यक्तियों के लिए 24 दिनों की रसद है। यदि 20 व्यक्ति वहां से चले जाते हैं तो रसद कितने दिन चलेगी?
(1) 80 दिन (2) 30 दिन (3) $\frac{96}{5}$ दिन

87. वह सबसे बड़ी संख्या क्या होगी जिससे 43, 91 और 183 में भाग देने पर हर बार शेष समान (बराबर) होगा?
(1) 9 (2) 4 (3) 13

88. वह सबसे छोटी संख्या क्या होगी जिसमें 10 से भाग देने पर शेष 5, 15 से भाग देने पर शेष 10 और 20 से भाग देने पर शेष 15 आएगा?
(1) 55 (2) 115 (3) 100

76. A train is 150 m long. If the train takes 30 seconds to cross a tree by the railway line, then the speed of the train is
(1) 18 km/hr. (2) 15 km/hr. (3) 16 km/hr.

77. If 4 toys are sold at the cost price of 5 toys of the same kind, the profit will be ________.
(1) $33\frac{1}{3}\%$ (2) 25% (3) 50%

78. If the cost price of an article is 75% of its selling price, the profit percent is ________.
(1) 25 % (2) 24 % (3) $33\frac{1}{3}\%$

79. A man bought 17 articles at the rate of ₹60 each, 13 articles at ₹75 each and 15 articles at ₹80 each. The average price per article is ________.
(1) ₹71 (2) ₹65 (3) ₹80

80. Given that Principal = ₹40,000 and Rate of Interest = 8% p.a. compounded annually, find the of Principal for the 2nd year.
(1) ₹41,000 (2) ₹43,200 (3) ₹45,000

81. A lent ₹10,000 to B for 2 years and ₹6,000 to C for 4 years on simple interest at the same rate of interest and received ₹4,400 in all from both of them as interest. The rate of interest per annum is ________.
(1) 10% (2) 7% (3) 9%

82. The value of $\sqrt{248+\sqrt{52+\sqrt{144}}}$ is ________.
(1) 14 (2) 16 (3) 12

83. The value of $\sqrt[3]{27}+\sqrt[3]{0.008}+\sqrt[3]{0.064}$ is ________.
(1) 2.4 (2) 4.6 (3) 3.6

84. If Rahul's weight increased from 60 kg to 66 kg, then the percentage increase in his weight is ________.
(1) 6% (2) 10% (3) 12%

85. If A is increased by 20%, it equals B. If B is decreased by 50%, it equals C. Then what percent of A is equal to C?
(1) 60% (2) 80% (3) 70%

86. Hundred persons had food provision for 24 days. If 20 persons left the place, the provision will last for ________.
(1) 80 days (2) 30 days (3) $\frac{96}{5}$ days

87. The greatest number that will divide 43, 91 and 183; leaving the same remainder in each case, is ________.
(1) 9 (2) 4 (3) 13

88. Find the smallest number which when divided by 10 leaves a remainder 5, when divided by 15 leaves a remainder 10, when divided by 20 leaves a remainder 15.
(1) 55 (2) 115 (3) 100

89. निम्नलिखित में से क्या निर्धारित (सीमांकित) नहीं है?
(1) $5 \div 0$ (2) $5 + 0$ (3) $5 - 0$

90. यदि * एक ऐसा ऑपरेशन है कि पूर्ण संख्याओं 'a' और 'b' के लिए $a * b = a \times b + (a \times a + b \times b)$ तो $(-3) * (-5)$ का मान होगा :
(1) –49 (2) 49 (3) 15

91. किसी फूलदान की लागत में 12% की वृद्धि हुई। यदि इसकी वर्तमान लागत ₹1008 है तो इसकी मूल लागत कितनी थी?
(1) ₹900 (2) ₹1000 (3) ₹920

92. 1 घंटे का कितना प्रतिशत 25 मिनट है?
(1) 25 % (2) $41\frac{2}{3}$% (3) 60 %

93. जब 45 व्यक्तियों के एक समूह में 55 वर्ष आयु के एक व्यक्ति की जगह एक नया व्यक्ति आ जाता है तो उस समूह की औसत आयु $\frac{1}{9}$ वर्ष कम हो जाती है। नए व्यक्ति की आयु है :
(1) 45 वर्ष (2) 52 वर्ष (3) 50 वर्ष

94. 2:3, 5:8, 75:121 और 8:5 अनुपातों में सबसे बड़ा अनुपात है :
(1) 8:5 (2) 75:121 (3) 2:3

95. एक मोटरबोट जिसकी चाल स्थिर पानी में 20 किमी./घंटा है, धारा के प्रवाह की दिशा में 36 किमी. जाने और वापस आने में कुल 4 घंटे 30 मिनट समय लगाती है। धारा की चाल (किमी./घंटा में) है :
(1) 5 (2) $4\sqrt{5}$ (3) $5\sqrt{3}$

96. किसी विक्रेता को क्रमश: ₹60 और ₹80 प्रति किग्रा. कीमत की दो तरह की दालों को किस अनुपात में मिलाना होगा जिससे ₹66 प्रति किग्रा. कीमत का एक मिश्रण बन सके?
(1) 3:7 (2) 5:7 (3) 7:3

97. एक पिता अपने बेटे से कहता है, 'तुम्हारे जन्म के समय मेरी आयु उतनी थी, जितनी अभी तुम्हारी आयु है'। यदि पिता की वर्तमान आयु 42 वर्ष है तो छह वर्ष पहले बेटे की आयु थी :
(1) 15 वर्ष (2) 25 वर्ष (3) 19 वर्ष

98. किसी धनराशि में साधारण ब्याज पर 6 वर्षों में 60% वृद्धि होती है। उसी दर पर 3 वर्षों के बाद ₹15000 पर चक्रवृद्धि ब्याज की रकम कितनी होगी?
(1) ₹3500 (2) ₹4965 (3) ₹5327

99. ₹7000 पर $1\frac{1}{2}$ वर्षों के लिए 4% वार्षिक दर पर वार्षिक और छमाही आधार पर निकाले गए चक्रवृद्धि ब्याज की रकमों के बीच अंतर होगा :
(1) ₹3.35 (2) ₹16.35 (3) ₹2.87

100. एक टंकी भरने के लिए 35 बाल्टी पानी की ज़रूरत पड़ती है। यदि बाल्टी की क्षमता को घटाकर इसकी वर्तमान क्षमता का 2/5 कर दिया जाए तो उसी टंकी को भरने में कितने बाल्टी पानी की ज़रूरत पड़ेगी?
(1) $87\frac{1}{2}$ (2) $78\frac{1}{2}$ (3) 40

89. Which of the following is not defined?
(1) $5 \div 0$ (2) $5 + 0$ (3) $5 - 0$

90. If * is an operation such that for integers 'a' and 'b' we have $a * b = a \times b + (a \times a + b \times b)$, then $(-3) * (-5) =$ _____________.
(1) –49 (2) 49 (3) 15

91. The cost of a flower vase got increased by 12%. If the current cost is ₹1008, what was the original cost?
(1) ₹900 (2) ₹1000 (3) ₹920

92. What percent of 1 hour is 25 minutes?
(1) 25 % (2) $41\frac{2}{3}\%$ (3) 60 %

93. The average age of 45 persons decreases by $\frac{1}{9}$ years when one of them aged 55 years, is replaced by a new comer. The age of the new comer is _________.
(1) 45 years (2) 52 years (3) 50 years

94. The greatest ratio among the ratios 2:3, 5:8, 75:121 and 8:5 is ___________.
(1) 8:5 (2) 75:121 (3) 2:3

95. A motorboat whose speed is 20 km/hr in still water goes 36 km downstream and comes back in a total of 4 hours 30 minutes. The speed of the stream (in km/hr) is ___________.
(1) 5 (2) $4\sqrt{5}$ (3) $5\sqrt{3}$

96. In what ratio must a grocer mix two varieties of pulses costing ₹60 and ₹80 per kg, respectively, so as to get a mixture worth ₹66 per kg?
(1) 3:7 (2) 5:7 (3) 7:3

97. A father said to his son, "At the time of your birth I was as old as you are at present." If the father's present age is 42 years, the son's age six years ago was ___________.
(1) 15 years (2) 25 years (3) 19 years

98. There is 60% increase in an amount in 6 years, at simple interest. What will be the compound interest on ₹15000 after 3 years at the same rate?
(1) ₹3500 (2) ₹4965 (3) ₹5327

99. The difference between the compound interests on ₹7000 for $1\frac{1}{2}$ years at 4% per annum compounded yearly and half-yearly is __________.
(1) ₹3.35 (2) ₹16.35 (3) ₹2.87

100. To fill a tank, 35 buckets of water are required. How many buckets of water will be required to fill the same tank if the capacity of the bucket is reduced to two-fifth of its present capacity?
(1) $87\frac{1}{2}$ (2) $78\frac{1}{2}$ (3) 40

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATE
## परीक्षार्थी के लिए अनुदेश

1. Please do not open this Question Booklet until asked to do so.
2. Fill up the necessary information in the space provided on the OMR Answer-Sheet and front cover of Question Booklet, before commencement of the test.
3. **The duration of the test is 2 hours 30 minutes. There are 100 questions.**
4. Please check for completeness of the Question Booklet immediately after opening its seal. There are 16 pages including cover pages.
5. Each question has three answer options marked (1), (2) and (3).
6. Answers are to be marked on the OMR Answer Sheet, which is provided separately.
7. Please ensure to write the Question Booklet Series in the space provided in the OMR Answer Sheet and also shade the appropriate oval.
8. For every question choose the most appropriate answer option and darken the oval completely, corresponding to (1), (2) or (3); against the relevant question number.
9. Use only **Blue/Black Ball Point Pen** to darken the oval for marking the answer option on OMR Answer sheet.
10. Please do not darken more than one oval against any question, as such marking will be read as wrong answer.
11. Once an oval is darkened as answer to any question, it is final. Answer option once darkened cannot be changed.
12. **Each question carries equal marks. There is Negative Marking. 25% marks will be deducted for each incorrectly attempted question.**
13. Rough work, if any, has to be done on the Question Booklet only. No separate sheet will be provided/used for Rough Work.
14. **Calculator, Mobile, etc., are not permitted inside the examination hall.**
15. Candidates seeking, receiving and/or giving assistance during the test will be disqualified.
16. The right to exclude any question(s) from final evaluation rests with the testing authority.
17. Candidate may take away the Question Booklet after the completion of the test.
18. Appropriate civil/criminal proceedings will be instituted against the candidate taking or attempting to take this Question Booklet or part of it outside the examination hall before completion of the test.
19. Do not seek clarification on any item in the question booklet from the test invigilator or any other official(s) at the test centre. Use your best judgment.

1. **जब तक कहा न जाए इस प्रश्न पुस्तिका को न खोलें।**
2. परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न-पुस्तिका के आवरण तथा ओ एम आर उत्तर-पत्रक पर दिए गए स्थान पर आवश्यक सूचना भरें।
3. परीक्षा का समय **2 घण्टे 30 मिनट** है। इसमें 100 प्रश्न हैं।
4. कृपया प्रश्न-पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जांच कर लें कि प्रश्न-पुस्तिका पूरी है। प्रश्न-पुस्तिका में कवर पृष्ठ को मिलाकर 16 पृष्ठ हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए तीन विकल्प हैं जो (1), (2) और (3) के रूप में अंकित हैं।
6. उत्तर अलग से दिए गए ओ एम आर उत्तर-पत्रक पर अंकित करें।
7. कृपया सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पुस्तिका सीरीज़ को ओ एम आर उत्तर-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही लिखें और उपयुक्त अंडाकृति को भी काला करें।
8. सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें तथा सम्बन्धित प्रश्न के सामने दिए गए तदनुरूप विकल्प के लिए (1), (2) या (3) की अंडाकृति को पूरी तरह से काला करें।
9. उत्तर देने के लिए ओ एम आर उत्तर-पत्रक पर उपयुक्त अंडाकृति को केवल **नीले/काले बाल पॉइंट पेन** से काला करें।
10. किसी प्रश्न के सामने एक से अधिक अंडाकृति को काला न करें, क्योंकि स्कैनर उस निशान को गलत उत्तर पढ़ेगा।
11. एक बार अंडाकृति को प्रश्न के उत्तर के रूप में अंकित कर दिया गया तो वह अंतिम होगा। उत्तर विकल्प एक बार अंकित करने के बाद बदला नहीं जा सकता।
12. **प्रत्येक प्रश्न का समान अंक है। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 25% अंक काट लिए जाएंगे।**
13. यदि कोई कच्चा काम करना है तो वह केवल प्रश्न पुस्तिका पर ही करें। कच्चे काम के लिए अलग से कोई शीट नहीं दी जाएगी/प्रयोग नहीं की जाएगी।
14. **कैल्कुलेटर, मोबाइल आदि परीक्षा हॉल के अन्दर ले जाने की अनुमति नहीं है।**
15. परीक्षा के दौरान अनुचित सहायता मांगने, प्राप्त करने और/या देने वाले परीक्षार्थी को अयोग्य ठहरा दिया जाएगा।
16. अंतिम मूल्यांकन से किसी प्रश्न को निकाल देने का अधिकार परीक्षा प्राधिकारी के हाथ में है।
17. परीक्षार्थी परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकता है।
18. इस प्रश्न-पुस्तिका या इसके किसी भाग को परीक्षा समाप्त होने से पूर्व परीक्षा हॉल से बाहर ले जाने या ले जाने की कोशिश करने वाले परीक्षार्थी के विरूद्ध समुचित दीवानी/फौजदारी कार्यवाही की जाएगी।
19. परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित परीक्षा अन्वीक्षक या किसी भी अन्य आधिकारिक व्यक्ति (व्यक्तियों) से प्रश्न-पुस्तिका की किसी भी मद के बारे में कोई स्पष्टीकरण न मांगें। अपने विवेक का प्रयोग करें।